# स्वच्छता के लिये नगारिक दे रहे हैं फीडबैक

स्वदेश ज्योति 11-7-21

**रतलाम। नगर निगम द्वारा स्वच्छता में नम्बर बढ़ाने के लिए कई तरह से प्रयास किया जा रहे हैं। हर दिन विशेष सफाई व फिडबैंक भी लिया जा रहा हैं।**

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया द्वारा दिये गये निर्देशानुसार नगर के समस्त घरों, दुकानों आदि से 100 प्रतिशत गीला एवं सूखा कचरा पृथक-पृथक संग्रहित किये जाने हेतु नगर निगम की सहयोगी संस्था टीम आस्था के सदस्यों द्वारा नगर के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर नागरिकों को स्वच्छता बनाये रखने गीला व सूखा कचरा पृथक-पृथक रखने की समझाईश दी जा रही है।

नगर निगम की सहयोगी संस्था टीम डिवाईन के सदस्यों द्वारा नगर के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर नागरिकों को गीले एवं सूखे कचरे के पृथक्कीकरण हेतु घरों एवं दुकानों में पृथक-पृथक कचरा पात्र रखकर पृथक-पृथक कचरा एकत्रिकरण व गीले एवं सूखे कचरे को निगम के कचरा संग्रहण वाहन के पृथक-पृथक भागों में डालने की समझाईश दी साथ ही नागरिकों से स्वच्छता हेतु स्वच्छता

# कोमल नगर में स्लम बोर्ड के लिए आरक्षित जमीन पर कब्जा

## बाउंड्रीवॉल निर्माण के दौरान सामने आया मामला

भास्कर संवाददाता | रतलाम

11-1-2021

कोमल नगर में स्लम बोर्ड के लिए आरक्षित 4140 वर्गफीट में से करीब 2300 वर्गफीट जमीन पर अतिक्रमण हो चुका है। इसे हटाकर पूरी रिजर्व जमीन के बजाए नगर निगम बची करीब 1700 वर्गफीट जमीन पर ही बाउंड्रीवॉल बनवाना शुरू कर दिया था। कॉलोनी के रहवासी नरेंद्र पाल ने शिकायत भी नगर निगम को की है। दरअसल मामला तब सामने आया जब बाउंड्रीवॉल बनाने के बजाय ठेकेदार ने रिजर्व जमीन की बाउंड्रीवॉल बनाना शुरू किया। रहवासियों ने शिकायत में बताया कि बाउंड्रीवॉल 2016 में 5.66 लाख से बनाई जा चुकी है। 2019 में नगर निगम में फिर से उसी बगीचे की बाउंड्रीवॉल बनाने का आदेश जारी किया था। सालभर पहले शिकायत के बाद तत्कालीन कमिश्नर एसके सिंह ने काम रुकवाया था। कुछ दिन पहले ठेकेदार ने फिर रिजर्व जमीन पर बाउंड्रीवॉल बनाने की शुरुआत की थी।

**कार्यपालन यंत्री से मिले रहवासी:-** बहरहाल, इस संबंध में रहवासियों ने कार्यपालन यंत्री जीके जायसवाल से भी मुलाकात की है। इंजीनियर के अनुसार टेंडर स्लम बोर्ड की जमीन पर ही बाउंड्रीवॉल बनाने के निकला था। वर्क ऑर्डर में गलती से बगीचा लिखा गया है।

# आनंद कॉलोनी की सड़क के डामरीकरण की शुरुआत हुई

भास्कर 11-1-2021



रतलाम | सालों से खराब पड़ी आनंद कॉलोनी की सड़क का डामरीकरण होने लगा है। शुरुआत डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी मंडल अध्यक्ष आदित्य डागा ने पूर्व पार्षद सुशीला परमार के साथ पूजा-अर्चना कर की। डामरीकरण 6 लाख रुपए खर्च करके किया जा रहा है। कार्यक्रम में रहवासियों ने डामरीकरण कराए जाने विधायक चेतन्य काश्यप का आभार जताया। भूपेंद्र कावड़िया, मुबारिक खान, नीरज परमार, संजय पवांर, मोहम्मद जावेद, शाहिद मीर, सुहास चितले, सुनील राव, बलवीर राठौर आदि उपस्थित रहे।

# लोन देने में बैंकों का भेदभाव, शहर में 76% को तो गांव में 35% को बांटा

## स्ट्रीट वेंडर योजना : 10 हजार रुपए का लोन बिना गारंटी के दे रही हैं बैंक

भास्कर संवाददाता | रतलाम

11-7-2021

बैंकों द्वारा लोन बांटने में भेदभाव किया जा रहा है। बैंकों द्वारा शहरवासियों को जहां लोन दिया जा रहा है। वहीं ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को को लोन बांटने में कंजूसी की जा रही है।

मामला सीएम की प्राथमिकता वाली स्ट्रीट वेंडर योजना का है। योजना में शहर और ग्रामीण क्षेत्रों की बैंकों को 11 हजार लोगों को लोन बांटने का लक्ष्य दिया था। शहर की बैंकों ने तो 76 फीसदी लोन बांट दिए। लेकिन ग्रामीण क्षेत्र की बैंकों ने 35 फीसदी आवेदकों को ही लोन बांटे हैं। इससे ग्रामीण क्षेत्र के 65 फीसदी लोगों को अभी भी योजना में लोन नहीं मिल पाया है और वे आज भी बैंकों के चक्कर लगा रहे हैं। सीएम की प्राथमिकता वाली इस योजना में 10 हजार रुपए का लोन बगैर ब्याज के लोगों को दिया जा रहा है। लेकिन लोगों को लोन ही नहीं मिल पा रहा है।

### 5 हजार प्रकरण लेकिन 1983 को भी नहीं दिया लोन

- योजना में शहर और ग्रामीण बैंकों में 11 हजार आवेदन लगे हैं। इसमें 6 हजार शहर की बैंकों में और 5 हजार गांवों की बैंकों की ब्रांचों में।
- शहर की बैंकों ने 6 हजार में से अब तक 4,765 प्रकरण को स्वीकृत कर वितरण की कार्रवाई पूरी की गई।
- बैंकों में 5 हजार आवेदन पहुंचे हैं लेकिन गांवों की बैंकें लोन बांटने में पीछे है। महज 1983 प्रकरणों में ही स्वीकृति दी है।

**अब तक नहीं मिला लोन** - शिवपुर की मंजूबाई राधेश्याम, राकेश मकवाना और रामपुरिया के तेजराम परमार ने बताया 10 हजार रुपए के लिए पंचायत में आवेदन किया था। तीन महीने से बैंक जाते हैं तो एक ही जवाब मिलता है आपको लोन दे देंगे। लेकिन सीधा जवाब नहीं दे रहे हैं। इससे तीन महीने बाद भी अब तक लोन नहीं मिल पाया है।

**बैंकें चाहे तो थोड़ी राहत दे सकती है** - लीड बैंक के पूर्व मैनेजर हिम्मत गेलड़ा ने बताया जो भी लोन बांटे जाते है वो सिबिल स्कोर के आधार पर बांटे जाते हैं। यदि डिफॉल्टर होता है तो लोन देने से बचती है। स्ट्रीट वेंडर योजना का लोन छोटा है और राशि भी कम है। वहीं मामला रोजगार से जुड़ा हुआ है। इससे बैंकों को शिथिलता बरतनी चाहिए।

**समानता से ही लोन दिया जा रहा है** - लीड बैंक मैनेजर राकेश गर्ग ने बताया कि बैंक किसी भी प्रकार से भेदभाव नहीं करती है। डॉक्यूमेंट और सिबिल स्कोर के आधार पर लोन दिया जाता है। इसके बाद भी बैंकों को निर्देश दिए जाएंगे कि वे योजना में प्राथमिकता से लोन दें।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार [illegible] पृष्ठ ..7.... दिनांक ..11–1.......2021

**नियमित जलप्रदाय** • 12 हजार रहवासियों को जल्द मिलेगी प्रतिदिन भरपूर पानी की सुविधा

# दीनदयाल नगर टंकी से रोज पानी देने की तैयारी पूरी, शुरुआत गणतंत्र दिवस के बाद

## एक माह पूरा होने पर विधायक ने किया कस्तूरबा नगर टंकी आपूर्ति का रिव्यू

भास्कर संवाददाता | रतलाम

गणतंत्र दिवस के बाद दीनदयाल नगर टंकी से जुड़े 12 हजार रहवासियों को रोजाना पानी मिलने लगेगा। जलप्रदाय अमले ने वॉल्व और लीकेज ठीक कर लिए हैं। अब एक ही दिन सप्लाई करने का शेड्यूल बनाया जा रहा है। 14 दिसंबर को कस्तूरबा नगर टंकी से नियमित प्रदाय की शुरुआत हुई थी। प्रयोग सफल रहने के बाद विधायक काश्यप ने रिव्यू भी कर लिया है। दीनदयाल नगर टंकी से रोजाना पानी देने की पूरी तैयारी रखने को कहा है। 27 जनवरी को शहरं विकास का पांच साल का रोडमैप देखने आ रहे मुख्यमंत्री इस टंकी से रोजाना सप्लाई की शुरुआत कर सकते हैं।

**दीनदयाल नगर टंकी और उससे जुड़े इलाके**

**क्षमता**- 15 लाख लीटर

**जोन एक**- दीनदयाल नगर बी, सी, डी और एफ सेक्टर।

**जोन दो**- दीनदयाल नगर ई सेक्टर, हिम्मत नगर, पीआईपी नगर, अमृत सागर गृह निर्माण मंडल कॉलोनी, ओसवाल नगर, श्री नगर, हनुमान बाग, ईंटभट्टा गली, नेमीनाथ कॉलोनी आदि।



**दीनदयाल नगर के बाद इन टंकियों से रोजाना सप्लाई होगी**

| टंकी | क्षमता ली. में |
|---|---|
| ग्लोबस कॉलोनी | 15 लाख |
| गोशाला रोड | 22.5 लाख |
| पोलोग्राउंड | 23 लाख |
| शांति नगर | 20 लाख |

### 79 दिनों में 118 वॉल्व और पाइप लाइन के 550 लीकेज सुधारे

जलप्रदाय अमले ने शनिवार को दीनदयाल नगर ऑटो स्टैंड के पास, शक्ति नगर, मोहन नगर पेट्रोल पंप के पास, राजीव नगर सहित पाइप लाइन के पांच लीकेज सुधारे। सोमवार को दीनदयाल टंकी से जुड़े इलाकों के ही दो अन्य लीकेज सुधारे जाएंगे। 79 दिनों में अब तक निगम 118 वॉल्व और पाइप लाइन के 550 छोटे-बड़े लीकेज की मरम्मत कर चुका है। विधायक काश्यप के निर्देश पर निगम ने 23 अक्टूबर से मुहिम शुरू की थी। कार्रवाई के दौरान कार्यपालन यंत्री सुरेशचंद्र व्यास, जलप्रदाय विभाग प्रभारी सत्यप्रकाश आचार्य सहित अन्य मौजूद रहे।

***रोजाना पानी दे रहे-*** *कस्तूरबा नगर टंकी से रोजाना पानी दिया जा रहा है। अब दीनदयाल नगर टंकी की व्यवस्था को ठीक किया जा रहा है। 27 जनवरी को मुख्यमंत्री उसकी घोषणा कर नियमित जलप्रदाय की शुरुआत कर सकते हैं।*

**चैतन्य काश्यप**, विधायक

*लाइन और वॉल्व के लीकेज सुधार रहे हैं। दीनदयाल टंकी से जुड़े क्षेत्र में ध्यान दे रहे हैं। दोनों जोन में एक साथ सप्लाई शेड्यूल बना कर रहे हैं। दूसरी टंकियां भी तैयार कर रहे हैं।*

**सोमनाथ झारिया**, कमिश्नर

# विधायक ने शहर विकास के लिए हुई चर्चा में महत्वपूर्ण सुझाव दिए

राजएक्सप्रेस 11-1-21



रतलाम (आरएनएन)। जनवरी नगर निगम द्वारा मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के सामने प्रस्तुत होने वाले शहर विकास के रोडमेप पर शहर विधायक चैतन्य काश्यप से चर्चा की गई निगम अधिकारीयों ने अपने प्रेजेंटेशन की तैयारी दिखाई विधायक श्री काश्यप ने विकास के कई बिन्दुओ पर महत्वपूर्ण सुझाव दिऐ निगम के प्रेजेंटेशन को बाद में कलेक्टर एवं प्रशासक गोपालचंद्र डाड के साथ देखकर अंतिम रूप दिया जाएगा।

विधायक श्री काश्यप ने निगम अधिकारीयों से शहर विकास के विभिन्न आयामो पर चर्चा करते हुए रोजगार मूलक कार्यों को बढ़ावा देने विशेषकर स्ट्रीट वेंडरों के बैठने के स्थानए झुग्गी मुक्त रतलाम के तहत प्रधानमंत्री आवासए पार्किंग स्थलए सड़क निर्माणए अवैध कालोनियोंए स्वच्छ रतलाम और यातायात सुधार सहित अन्य कई विषयो पर सुझाव दिऐ इस दौरान एसडीएम अभिषेक गेहलोतए निगम आयुक्त सोमनाथ झारियाएसहायक आयुक्त विकास सोलंकीए सिटी इंजीनियर एस सी व्यास ए जीके जायसवालए सहायक यंत्री एसपी आचार्यए श्याम सोनीए कपिल मारोठियाए मनीष तिवारी एवं विकास मरकाम आदि मौजूद थे।

# मुख्यमंत्री के सामने प्रस्तुत होने वाले रतलाम शहर विकास के रोडमेप पर हुई चर्चा, अधिकारियों ने दिया प्रेजेंटेशन

दबंग रिपोर्टर ■ रतलाम

11-1-2021



नगर निगम द्वारा मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान के सामने प्रस्तुत होने वाले शहर विकास के रोडमेप पर शहर विधायक चैतन्य काश्यप से चर्चा की गई।

निगम अधिकारीयों ने अपने प्रेजेंटेशन की तैयारी दिखाई। विधायक श्री काश्यप ने विकास के कई बिन्दुओं पर महत्वपूर्ण सुझाव दिए। निगम के प्रेजेंटेशन को बाद में कलेक्टर एवं प्रशासक गोपालचंद्र डाड के साथ देखकर अंतिम रूप दिया जाएगा। विधायक श्री काश्यप ने निगम अधिकारियों से शहर विकास के विभिन्न आयामों पर चर्चा करते हुए रोजगार मूलक कार्यों को बढ़ावा देने विशेषकर स्ट्रीट वेंडरों के बैठने के स्थान, झुग्गी मुक्त रतलाम के तहत प्रधानमंत्री आवास, पार्किंग स्थल, सड़क निर्माण, अवैध कालोनियों, स्वच्छ रतलाम और यातायात सुधार सहित अन्य कई विषयों पर सुझाव दिए। इस दौरान एसडीएम अभिषेक गेहलोत, निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया, सहायक आयुक्त विकास सोलंकी, सिटी इंजीनियर एससी व्यास, जीके जायसवाल, सहायक यंत्री एसपी आचार्य, श्याम सोनी, कपिल मारोठिया, मनीष तिवारी एवं विकास मरकाम आदि मौजूद थे।

दबंग दुनिया

11-1-2021

# गंदगी फैलाने व अतिक्रमण करने पर 23 व्यक्तियों पर जुर्माना

## गंदगी फैलाने वालों पर सीसीटीवी से रखी जा रही है निगरानी



रतलाम। नगर में ऐसे दुकानदार एवं नागरिक जो कि अपनी दुकानों एवं घरो से निकलने वाले कचरे को कचरा संग्रहण वाहन में नहीं डालते हुए यहां-वहां डालकर नगर को गंदा करते है ऐसे दुकानदार एवं नागरिकों को लगाम लगाने हेतु निगम द्वारा जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है साथ ही सीसीटीवी फुटेज के आधार पर गंदगी फैलाने वाले नागरिक एवं दुकानदारों पर घर व दुकानों पर जाकर गठित दल द्वारा जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है।

नगर के ऐसे दुकानदार एवं नागरिक जो कि खुले में कचरा डालकर नगर को गंदा कर रहे है ऐसे व्यक्तियों पर लगाम लगाने हेतु नगर के विभिन्न स्थानों पर स्थापित सीसीटीवी कैमरों से सत निगरानी रखी जा रही है इस हेतु पुलिस कन्ट्रोल रूम पर 3 पालियों में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई।

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार विकास कुमार मेहता, मूणत धनजीभाई का नौहरा, तपस्या कलेक्शन बजाज खाना पर 500-500, रवि गुर्जर, राकेश नौलाईपुरा, प्रतीक इन्द्रलोक नगर, केशव माया भण्डार राम मंदिर पर 250-250, कलाबाई हरदेव लाला की पीपली पर 100, पार्वती, समदुढ़ीबाई, कान्ता हरदेव लाला की पीपली, मांगीलाल, बाबु, कलाबाई, परमानन्द, गोदावरीबाई, धर्मेन्द्र, मंगलाबाई, सोनू, पवन, अशोक, राजेश व नसीरबेन पर 50-50 रूपये का जुर्माना किया गया।

जुर्माने की कार्यवाही प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह, झोन प्रभारी किरण चौहान व पर्वत हाड़े, उप स्वच्छता निरीक्षक विनय चौहान आदि के द्वारा की गई। गंदगी व मलबा फैलाने, अतिक्रमण करने पर संबंधितों के विरूद्ध जुर्माना किये जाने का अभियान निरंतर जारी रहेगा।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार दै. भास्कर --पृष्ठ ..19..दिनांक 1/1/........2021

# कॉलेज ग्राउंड में 4 कौए, रावटी में उल्लू ने तोड़ा दम, जिले में कुल 8 पक्षियों की मौत

## आज पोल्ट्री फॉर्म के सैंपल भोपाल भेजेंगे, अफसरों ने भी मौके पर जाकर देखा

भास्कर संवाददाता | रतलाम

11-1-2021

रविवार को कॉलेज ग्राउंड में 4 कौए मृत दिखे। सुबह घूमने जाने वाले लोगों ने जानकारी अधिकारियों को दी। इधर, जिलेभर में 8 पक्षियों की मौत हुई है।

2 दिन से कौओं की मौत के मामले सामने आ रहे है। शनिवार को कलेक्ट्रेट में एक कौवा मृत दिखा था। वहीं, रविवार को कॉलेज ग्राउंड में 3 और ग्राउंड से कुछ दूरी पर एक कौआ मृत दिखा। अभाविप के दीपक यादव ने इन्हें देखा और जानकारी अधिकारियों को दी। रविवार रात तक 8 पक्षियों की मौत की जानकारी रही।

### रतलाम और जावरा के पोल्ट्री फॉर्म से लिए सैंपल

रविवार को रतलाम और जावरा के पोल्ट्री फॉर्म से सैंपल लिए गए। डॉ. नवीन शुक्ला, डॉ. चेतन डावर सहित अन्य ने निरीक्षण किया। सभी पोल्ट्री फॉर्म में बाहरी व्यक्ति के प्रवेश पर रोक लगा दी गई है। सैंपल को सोमवार को जांच के लिए भोपाल भेजा जाएगा।

**मलवासा में एक कौवे की मौत - मलवासा** | गांव मलवासा में एक कौवे की मौत हो गई। रविवार सुबह बांगरोद से पशु चिकित्सा की टीम पहुंची। उन्होंने तालाब किनारे मृत पक्षी को उठाया। पशु चिकित्सा अधिकारी बांगरोद एपी मेहता ने बताया ग्रामीण से सूचना मिली थी। सैंपल जांच के लिए भेजा है।

**उड़ते हुए नीचे गिरा कबूतर - धामनोद** | धामनोद में टंकी चौराहा संजय किराना स्टोर के पास सुबह 8 बजे कबूतर उड़ते हुए नीचे गिरा। संजय जैन ने बताया कि कबूतर गिरा और मर गया। सीएमओ लक्ष्मीकांत शर्मा को इस बात की जानकारी दी।

---

**बर्ड फ्लू** जिले में अब तक 34 पक्षियों के शव मिले, जिसमें 30 कौए शामिल

# कीटनाशक के कारण हो रही कौओं की मौत

11-1-2021

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। जिले में लगातार कौओं की मौत की सूचना मिलने पर पशु चिकित्सा विभाग की टीम मौके पर पहुंच रही है। रविवार को भी 9 पक्षी मृत मिले, जिसमें 8 कौए और एक बगुला है। पशु चिकित्सा विभाग के रिकार्ड के अनुसार जिले में अब 34 पक्षी मृत मिले, जिसमें 30 कौए, दो कबूतर, एक बगुला और एक उल्लू शामिल है। कौओं के मौत की लगातार सूचनाएं मिल रही हैं। कई जगह टीम के पहुंचने से पहले मृत पक्षी को अन्य जानवर ले जाते हैं। इधर सुरक्षा के हिसाब से पशु चिकित्सा विभाग की टीम पोल्ट्री फार्मों का निरीक्षण कर मुर्गा-मुर्गियों के सैंपल ले रही है।

रविवार को शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में मृत कौए मिले, जिन्हें दफन कर दिया गया। पशु चिकित्सा विभाग के प्रभारी उपसंचालक डॉ. डीके जैन ने बताया कि



पंचेड़ में कौए को जमीन में दफनाते हुए पशु चिकित्सक लालसिंह निनामा व चौकीदार।

जिले बर्ड फ्लू जैसी कोई बीमारी नहीं है। इस मौसम में तो एक्का-दुक्का पक्षियों की मौत हमेशा होती है। कौओ हरियाणा की ओर से आ रहे हैं। इस सीजन में वहां फसलों में कीटनाशक का छिड़काव बड़ी मात्रा में होता है। कौए फसलों के दाने या इनमें लगे कीटों को खाते हैं। उस दौरान कीटनाशक का सेवन होने से यह मौत का कारण बन रहा है। उपसंचालक ने बताया कि अभी तक जो बात सामने आ रही है, उसके मुताबिक हरियाणा की ओर से आने वाले कौओं की मौत हो रही है।

**पंचेड़ में कौए को दफनाया**

नामली। धामनोद-नामली मार्ग पर ग्राम पंचेड़ के कालका माता मंदिर के पास से गांव पंचेड़ जाने वाले कच्चे रास्ते पर एक कौआ मृत मिला। सूचना मिलने पर सहायक पशु चिकित्सक लालसिंह निनामा, चौकीदार रवि जाट, जीवन धानक ने मौके पर पहुंच वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर दफनाया।

**धामनोद में कबूतर की मौत**

धामनोद। नगर में टंकी चौराहा पर संजय किराना स्टोर के पास रविवार सुबह आठ बजे कबूतर उड़ते हुए नीचे गिर गया। संजय जैन ने बताया कि कबूतर की मौके पर ही मौत हो गई। सीएमओ लक्ष्मीकांत शर्मा को इसकी जानकारी दी। सीएमओ ने सफाई कर्मचारी के हाथों कबूतर को वहां से उठवाया।

**सैलाना में आंगन में गिरा कबूतर**

सैलाना। नगर के जूनावास निवासी शेरसिंह राठौर के घर के बाहर रविवार सुबह एक कबूतर उड़ता-उड़ता आंगन में आकर गिर गया। शेरसिंह राठौर ने उसे दाना-पानी दूर से खिलाने का प्रयास किया, लेकिन उसने कुछ भी खाया-पीया नहीं। समीप रहने वाली साधना शर्मा ने बताया कि कबूतर एक-डेढ़ घंटे तक बैठा रहा। बाद में उड़ता-गिरता एक मकान की छत पर बैठ गया। पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. डीके जैन को अवगत करवाया तो उन्होंने कहा कि सूचना मिलने पर अधीनस्थों से जांच करवाई, लेकिन कबूतर बताए स्थान से कहीं दूसरी ओर चला गया।

नई दुनिया

11-1-2021

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार इन्दौर समाचार –पृष्ठ 2 दिनांक 11–1–2021

# स्वच्छता से भी स्वाभिमान जागृत होता है

**रतलाम। विकास का संकल्प लेकर आगे बढ़ने और देश में नंबर एक कहलाने की इच्छा रखने वाले समाज में हर व्यक्ति का स्वाभिमानी होना आवश्यक होता है। व्यक्ति-व्यक्ति के मन में अपने शहर के प्रति जब अभिमान जगता है, तो हर व्यक्ति स्वाभिमानी होता है। और हर व्यक्ति के शहर के विकास के लिए स्वच्छता आवश्यक है, तो स्वच्छता से भी स्वाभिमान जागृत होता है।**

स्वच्छ तन, स्वच्छ मन और स्वच्छ बुद्धि होने पर ही व्यक्ति अपने घर और परिवेश की स्वच्छता पर ध्यान देता है। और ऐसा तभी करता है, जब उसका स्वाभिमान जगता है। इस दृष्टि से दोनों अंतर संबंधित हैं। दोनों एक-दूसरे के पूरक हैं। सहचर हैं। स्वाभिमानी मनुष्य बहुत ही सहजता से साफ-सफाई करता और करवाता है। स्वच्छता उसके जीवन का ध्येय हो जाती है। ऐसे वातावरण में स्वाभिमान का भाव भी जगता है।

स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान 2021 के अंतर्गत निगमायुक्त सोमनाथ झारिया द्वारा लगातार शहर के सभी क्षेत्रों को स्वच्छ और सुंदर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। इस दौरान नगर निगम द्वारा स्वच्छता अभियान के तहत शहर में



विशेष साफ-सफाई अभियान बड़े पैमाने पर चलाया जा रहा है। इसके साथ-साथ ही कचरा मुक्त स्थानों पर आकर्षक रंगोली और दीपदान के माध्यम से सफाई मित्र समूह के माध्यम से लोगों को जागरुक किया जा रहा है।

रतलाम शहर के सैकड़ों स्थानों पर खुले में कचरा डालने वालों को रोकने के लिए नगर निगम की ओर से अनोखा प्रयोग किया और सैकड़ों स्थान कचरा मुक्त हुए और इन पर रंगोली के माध्यम से स्वच्छता का संदेश दिया जा रहा है। इसके साथ ही उन सार्वजनिक स्थानों, बागीचों, खेल मैदानों आदि स्थानों पर भी स्वच्छता का संदेश दिया जाकर स्वच्छता की दौड़ में रतलाम को नम्बर-1 बनाने का आव्हान लोगों से किया जा रहा है।

नगर निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देश व स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह ने शहरवासियों से अपील की है कि वे अपने कूड़ा केवल डोर टू डोर कूड़ा ढोने वाले वाहनों में ही डालें। खुले में कचरा डालने वालों पर नगर निगम द्वारा जुर्माने की कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

नगर निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार अब शहर के सार्वजनिक स्थलों पर लोगों से शहर को साफ और सुंदर बनाए रखने की अपील की जा रही है। इस दौरान 9 जनवरी शनिवार को सफाई मित्र समूह की टीम ने आधा दर्जन स्थानों पर स्थित कचरा मुक्त स्थानों के साथ ही सार्वजनिक स्थलों पर पर रंगोली बना कर इन क्षेत्रों के रहवासियों को स्वच्छता की शपथ दिला कर दीप दान किया गया है। इस दौरान कोविड-19 महामारी के बढ़ते प्रकोप के देखते हुए लोगों से आव्हान किया गया कि जब तक कोरोना का कारगर उपचार उपलब्ध नहीं हो पाता है, ऐसे में हमें मास्क का उपयोग, दो गज की दूरी और हाथों को सेनेटाईज कर अपने जीवन को बचाना चाहिए।

# स्विट्ज़रलैंड से रतलाम आए युवक की रिपोर्ट निगेटिव

## जिले में 11 नए पॉजिटिव मिले जिसमें 9 बुजुर्ग

**अभी मास्क ही वैक्सीन है**

भास्कर संवाददाता | रतलाम

11-1-2021

जिले में रविवार को राहतभरी खबर मिली है। स्विट्ज़रलैंड से जो व्यक्ति रतलाम आया था, उनकी रिपोर्ट निगेटिव आई है। उनके परिवारजन भी निगेटिव रहे हैं। इधर, 11 नए पॉजिटिव मिले। इनमें 9 बुजुर्ग हैं।

3 दिन पहले स्विट्ज़रलैंड से एक युवक रतलाम आया था। युवक की स्विट्ज़रलैंड में रिपोर्ट पॉजिटिव आई थी, हालांकि, बैंगलोर में रिपोर्ट निगेटिव रही थी। ऐसे में युवक की रिपोर्ट को लेकर चिंता का माहौल था। युवक का सैंपल जांच के लिए उज्जैन भेजा गया था। रविवार को रिपोर्ट मिली, जोकि निगेटिव रही। युवक के परिवार का भी सैंपल लिया था। वह भी निगेटिव रहा।

### 11 लोग पॉजिटिव

रविवार को 11 लोगों की रिपोर्ट पॉजिटिव मिली। इनमें टेलीफोन नगर के एक पुरुष, जाटों का वास के एक पुरुष, राजस्व कॉलोनी की एक महिला, अलकापुरी की तीन महिला, मित्र निवास रोड के एक पुरुष, न्यू ग्लोबस सिटी की एक महिला, सैलाना तथा धाकड़ीपुरा जावरा के एक-एक पुरुष शामिल है। नए संक्रमितों में 9 लोगों की उम्र 60 साल से ज्यादा है। जिले में अब कुल संक्रमित 4196 हो गए हैं।

**रिपोर्ट निगेटिव है** - एपिडेमियोलॉजिस्ट डॉ. गौरव बोरीवाल ने बताया कि स्विट्ज़रलैंड से आए युवक की रिपोर्ट निगेटिव है। परिवार का भी सैंपल लिया था। वह भी निगेटिव रहा है। लोगों से अपील है कि सतर्क रहें। मास्क, सोशल डिस्टेंसिंग व सैनिटाइजेशन का ख्याल रखें।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–नई दुनिया–पृष्ठ 5.....दिनांक 11/.../.......2021

## गंदगी फैलाने वाले 12 व्यक्तियों पर जुर्माना

रतलाम। नगर निगम द्वारा सीसीटीवी फुटेज के आधार पर गंदगी फैलाने वाले नागरिकों व दुकानदारों पर जुर्माने की कार्रवाई की जा रही है। शहर के विभिन्न स्थानों पर स्थापित सीसीटीवी कैमरों से सतत नजर रखी जा रही है। इसके लिए पुलिस कंट्रोल रूम पर तीन पालियों में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार गंदगी फैलाने पर बादशाह स्टील, छावनीवाला, रमेश माणक चौक, राजू भुट्टा बाजार, जैन रेस्टोरेंट चौमुखी पुल पर 500–500, कन्हैया स्वीट्स चौमुखी पुल पर 300, महावीर स्वीट्स चौमुखी पुल, मूणत, मंगलम स्टोर, गणेश स्टोर, मां वैष्णवी माणक चौक पर 250–250 व ज्ञानसिंह महू रोड बस स्टैंड पर 50 रुपये का जुर्माना किया गया। जुर्माने की कार्रवाई प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह, जोन प्रभारी किरण चौहान, पर्वत हाड़े, उप स्वच्छता निरीक्षक विनय चौहान आदि द्वारा की गई।

# नए नियमः मैरिज गार्डनों को 3 माह में नए सिरे से कराना होगा रजिस्ट्रेशन, नियम तोड़े तो 10 हजार तक जुर्माना

भास्कर न्यूज | भोपाल

11-1-2021

मैरिज गार्डनों को अगले तीन महीने में नए सिरे से अपना रजिस्ट्रेशन कराना होगा। उन्हें अपने कुल एरिया का कम से कम 25 फीसदी पार्किंग के लिए आरक्षित रखना होगा। जिस स्थान पर 50 लोग से ज्यादा इकट्ठा होकर कोई समारोह कर सकते हैं, उसे मैरिज गार्डन की श्रेणी में रखा जाएगा। कॉलोनियों में स्थित सार्वजनिक पार्क में कोई भी शादी या समारोह आयोजित नहीं किया जा सकेगा। नियमों के उल्लंघन पर 10 हजार रु. तक जुर्माना लगेगा। नगरीय प्रशासन ने प्रदेश में यह नियम लागू कर दिए हैं। अभी तक विभाग ने अलग से कोई नियम नहीं बनाए थे। उज्जैन नगर निगम ने अपने स्तर पर नियम बना रखे थे। मैरिज गार्डनों के लिए नियम का मामला हाईकोर्ट में भी गया था। हाईकोर्ट के निर्देश के बाद नगरीय प्रशासन ने उज्जैन के ही नियम प्रदेश में लागू कर रखे थे। अब इसमें सुधार कर उन्हें लागू किया गया है। जिन मैरिज गार्डनों ने तीन महीने में रजिस्ट्रेशन नहीं कराया तो निकाय उन्हें अवैध घोषित कर अदालती कार्यवाही करेगा।

शेष | पेज 7 पर

## पेज एक का शेष...

### नए नियमः मैरिज गार्डनों को...

**सार्वजनिक पार्क में नहीं कर सकेंगे शादी** : निकाय सीमा में 50 लोगों से ज्यादा एकत्रित होने की क्षमता रखने वाले स्थानों को मैरिज गार्डन की श्रेणी में रखा गया है। इसमें होटल, प्लॉट, फार्म, सामुदायिक केंद्र, भवन, क्लब, बैंक्वेट हॉल, धर्मशाला आदि शामिल हैं। जिन स्थानों का उपयोग शादी, सगाई, जन्मदिन, उत्सव, प्रदर्शनी, कन्वेंशन, गरबा, नववर्ष आदि समारोह के लिए किया जाता है।

**नियम तोड़े तो 10 हजार तक जुर्माना** : मैरिज गार्डन को निकाय में रजिस्ट्रेशन कराना होगा। निकाय व क्षेत्रफल के अनुसार उन्हें 1 हजार से साढ़े 12 हजार रु. तक पंजीयन शुल्क देना होगा। हर साल 750 से 10 हजार रु. उपभोक्ता शुल्क भरना होगा। हर तीन साल में रजिस्ट्रेशन का नवीनीकरण जरूरी है। नियमों के उल्लंघन पर 10 हजार रु. तक जुर्माना लगेगा।

**स्कूल-कॉलेज, अस्पताल से 100 मीटर दूरी** : मैरिज गार्डन के आसपास कोई स्कूल-कॉलेज या अस्पताल नहीं होना चाहिए। इसके लिए 100 मीटर की दूरी तय की गई है। गार्डन में रात 10 से सुबह आठ बजे तक ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग नहीं होगा। विकास समिति, गृह निर्माण समिति आदि द्वारा सार्वजनिक पार्क स्थान के लिए चिह्नित स्थानों का उपयोग शादी समारोह के लिए नहीं हो सकेगा। इसके लिए लाइसेंस नहीं दिया जाएगा।

# स्वच्छंद विचरण करने वाले 538 मवेशियों को पकड़कर गौशालाओं में भेजा

रतलाम। नगर को साफ-स्वच्छ व सुन्दर बनाने हेतु नगर निगम द्वारा सार्वजनिक स्थानो, सड़को, चौराहें पर स्वच्छंद विचरण करने वाले मवेशियों को पकड़कर गौशालाओं में भेजा जा रहा है जिसके तहत 12 अक्टूबर से 09 जनवरी तक 538 मवेशियों को पकड़कर जिले की गौशालाओं में भेजा गया। कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम गोपालचन्द डाड व निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार स्वास्थ्य अमले द्वारा 12 अक्टूबर से अभियान चलाया गया तथा 9 जनवरी तक शहर के विभिन्न क्षेत्रों से 538 मवेशियों को पकड़ा जाकर जिले की विभिन्न गौशालाओं में भेजा गया। अभियान के तहत 9 जनवरी को तेजा नगर, रामगढ़, अमृत गार्डन, चमारिया नाका व भगतपुरी से 5 मवेशी निगम के स्वास्थ्य विभाग के अमले द्वारा पकड़े गये।

शहर के सार्वजनिक स्थानों, सड़को चौराहे को मवेशी मुक्त बनाये जाने हेतु नगर निगम द्वारा शहर के मवेशी पालकों के बाड़े एवं तबेलो को अभियान चलाकर तोड़ा जायेगा इस हेतु निगम द्वारा नगर के सभी मवेशी पालकों को नोटिस जारी किया गया है। शहरी क्षेत्र में मवेशियों का पालन करना नियम विपरित है, ऐसे मवेशी पालक जो कि शहरी क्षेत्र में अनुमति के विपरित तबेले एवं बाड़ो का निर्माण कर मवेशियों का पालन किया जा रहा है वे स्वंय अपने तबेले एवं बाड़े नहीं तोड़ते है तो निगम द्वारा उन्हे तोड़ा जाकर राशि वसूल की जायेगी। नगर निगम एक्ट की धारा 358 के तहत कोई भी व्यक्ति जो कि अपना घोड़ा या अन्य किसी भी पशु को अपनी इच्छा से खुला छोडेगा व उससे किसी व्यक्ति या संपत्ति को नुकसान पंहूचता है तो पालक पर 500 रुपये का अर्थदण्ड किये जाने का प्रावधान हैं।

**पशु चिकित्सा विभाग की माने तो रतलाम में नहीं कोई पुष्टि**

# लगातार मर रहे कौए लेकिन बर्ड फ्लू के खतरे से प्रशासन का इनकार

## उत्तर प्रदेश और हरियाणा से आए पक्षियों की हुई मौत



पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com 11-1-2021

रतलाम. जिले में हर दिन किसी न किसी क्षेत्र में कौवों की मौत की सूचना मिल रही है लेकिन इतना सब होने के बाद भी पशु चिकित्सा विभाग इसे सामान्य मान रहा है। विभाग की माने तो लोगों को इससे डरने की जरूरत नहीं है क्योंकि पक्षियों की मौत बर्ड फ्लू की वजह से नहीं होते हुए जहरीला पदार्थ के खाने से हो रही है। रतलाम शहर सहित आसपास के क्षेत्रों में रविवार को भी करीब 8 से 10 कौवों के मरने की सूचना मिली है।

पशु चिकित्सा विभाग की माने तो रतलाम के लोगों को बर्ड फ्लू से डरने की जरूरत नहीं है क्योंकि यहां पर अब तक इस तरह का कोई मामला सामने नहीं आया है। बर्ड फ्लू को लेकर सैंपल उसी स्थिति में किया जाता है जब खास तौर पर मुर्गियों में इस बीमारी के लक्षण पाए जाते हैं और उनकी मौत होती है लेकिन अब तक रतलाम में ऐसा कोई मामला सामने नहीं आया है।

### जिलेभर के पोल्ट्री फॉर्म की हुई जांच

बर्ड फ्लू की आशंका के चलते पशु चिकित्सा विभाग की टीमों के द्वारा शहर सहित जिलेभर के सभी पोल्ट्री फॉर्म पर जाकर मुर्गियों की सेहत के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है और खुद भी उन्हें देख रहे हैं। जिले भर में अब तक कहीं पर भी मुर्गियों के बीमार होने की सूचना नहीं है इसलिए यह कहा जा सकता है कि रतलाम में इस बीमारी को लेकर अब तक कोई खतरा नहीं है। इतना ही नहीं कौवों की मौत से भी घबराने की कोई जरूरत नहीं है।

शहर के शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय के खेल मैदान में रविवार की सुबह करीब 5 से 6 कौवे मृत मिले, इसके अतिरिक्त कुछ अन्य स्थानों पर भी कौवों के मृत मिलने की सूचना थी जिस पर मृत कौवों को जमीन में गाड़ दिया गया और आस-पास सैनिटाइज किया गया जिससे कि उनसे किसी प्रकार की बीमारी न फैल सके।

### नहीं है बर्ड फ्लू का खतरा

रतलाम जिले में किसी प्रकार से बर्ड फ्लू का कोई खतरा नहीं है, कौवों की मौत जहरीला पदार्थ खाने से हो रही है। विभाग की टीमों ने जिले भर के पोल्ट्री फॉर्म पर जाकर जांच की है, कहीं पर भी मुर्गियों के मरने की कोई सूचना नहीं है। लोगों को बर्ड फ्लू से घबराने की जरूरत नहीं है। हमारे यहां जो कौवे और बगुले मृत मिले हैं वह हरियाणा और उत्तर प्रदेश से आए हैं।

**डॉ डीके जैन**, उप संचालक पशु चिकित्सा विभाग

# गंदगी फैलाने व अतिक्रमण करने पर 23 व्यक्तियों पर जुर्माना

नव भारत 11-1-21

रतलाम। नगर में ऐसे दुकानदार एवं नागरिक जो कि अपनी दुकानों एवं घरो से निकलने वाले कचरे को कचरा संग्रहण वाहन में नहीं डालते हुए यहां-वहां डालकर नगर को गंदा करते है ऐसे दुकानदार एवं नागरिकों को लगाम लगाने हेतु निगम द्वारा जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है साथ ही सीसीटीवी फुटेज के आधार पर गंदगी फैलाने वाले नागरिक एवं दुकानदारों पर घर व दुकानों पर जाकर गठित दल द्वारा जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है। नगर के ऐसे दुकानदार एवं नागरिक जो कि खुले में कचरा डालकर नगर को गंदा कर रहे है ऐसे व्यक्तियों पर लगाम लगाने हेतु नगर के विभिन्न स्थानों पर स्थापित सीसीटीवी कैमरों से सत्त निगरानी रखी जा रही है इस हेतु पुलिस कन्ट्रोल रूम पर 3 पालियों में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई।

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार विकास कुमार मेहता, मूणत धनजीभाई का नोहरा, तपस्या कलेक्शन बजाज खाना पर 500-500, रवि गुर्जर, राकेश नौलाईपुरा, प्रतीक इन्द्रलोक नगर, केशव माता भण्डार राम मंदिर पर 250-250, कलाबाई हरदेव लाला की पीपली पर 100, पार्वती, समदुडीबाई, कान्ता हरदेव लाला की पीपली, मांगीलाल, बाबू, कलाबाई, परमानन्द, गोदावरीबाई, धर्मेन्द्र, मंगलाबाई, सोनू, पवन, अशोक, राजेश व नसीरबेन पर 50-50 रूपये का जुर्माना किया गया। जुर्माने की कार्यवाही प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह, झोन प्रभारी किरण चौहान व पर्वत हाड़े, उप स्वच्छता निरीक्षक विनय चौहान आदि के द्वारा की गई। गंदगी व मलवा फैलाने, अतिक्रमण करने पर संबंधितों के विरूद्ध जुर्माना किये जाने का अभियान निरंतर जारी रहेगा।

## गंदगी फैलाने पर 23 व्यक्तियों पर जुर्माना

अग्निपथ 11-1-21

रतलाम। नगर में ऐसे दुकानदार एवं नागरिक जो कि अपनी दुकानों एवं घरो से निकलने वाले कचरे को कचरा संग्रहण वाहन में नहीं डालते हुए यहां-वहां डालकर नगर को गंदा करते है ऐसे दुकानदार एवं नागरिकों को लगाम लगाने हेतु निगम द्वारा जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है साथ ही सीसीटीवी फुटेज के आधार पर गंदगी फैलाने वाले नागरिक एवं दुकानदारों पर घर व दुकानों पर जाकर गठित दल द्वारा जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है।

पे. अग्निपथ
11-1-2021

# 23 लाख का प्लांट, फिर भी कचरे का निपटारा अधूरा

11-1-2021

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। पावर हाउस रोड स्थित थोक सब्जी मंडी में कचरे के निष्पादन 23 लाख की लागत से कचरा निष्पादन प्लांट प्रारंभ हुए एक साल हो गया है।

मंडी के कचरे से जैविक खाद बनाने के उद्देश्य से यह प्लांट लगाया गया है, लेकिन यह अनुपयोगी साबित हो रहा है। मंडी से रोज निकलने वाले जैविक कचरे का भी निष्पादन नहीं हो पा रहा है।

दरअसल मंडी से जितना कचरा रोज निकल रहा है, उसके अनुसार प्लांट की क्षमता आधी भी नहीं है। इसलिए कचरे के निष्पादन के लिए अलग से व्यवस्था बनानी पड़ रही है।



सब्जी मंडी प्रांगण में लगा कचरा निष्पादन प्लांट। ● नईदुनिया

प्लांट लगने से न तो सफाई व्यवस्था में सुधार हुआ और न ही सफाई के खर्चे पर कमी हुई, जबकि सफाई दुरुस्त करने व कचरे के खाद से मंडी की आय बढ़ाने के लिए प्लांट लगाया गया है।

## प्रतिदिन 500 किलो जैविक खाद बनाने का दावा था

23 लाख की लागत के प्लांट में एक हजार किलो ग्राम जैविक कचरे से हर दिन 500 किलो ग्राम खाद बनाने का दावा किया गया था। स्थिति यह है कि एक हफ्ते में भी 500 किलो खाद नहीं बन पा रही है। मंडी से निकलने वाला जैविक कचरा भी खप नहीं पा रहा है। अभी भी मंडी का कचरा बाहर जा रहा है। दावा किया गया था कि प्लांट लगने के बाद मंडी कचरा बाहर नहीं जाएगा। विजसन इनोवेशन कंपनी जयपुर ने प्लांट लगाया है। अभी कंपनी के कर्मचारी प्लांट को संचालित कर रहे हैं। तीन साल बाद प्लांट मंडी प्रशासन को सौंपा जाएगा।

# मुख्यमंत्री के सामने प्रस्तुत होने वाले रतलाम शहर विकास के रोडमेप पर हुई चर्चा, अधिकारियों ने दिया प्रेजेंटेशन



रतलाम। नगर निगम द्वारा मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के सामने प्रस्तुत होने वाले शहर विकास के रोडमेप पर शहर विधायक चेतन्य काश्यप से चर्चा की गई। निगम अधिकारीयों ने अपने प्रेजेंटेशन की तैयारी दिखाई। विधायक श्री काश्यप ने विकास के कई बिन्दुओ पर महत्वपूर्ण सुझाव दिए। निगम के प्रेजेंटेशन को बाद में कलेक्टर एवं प्रशासक गोपालचंद्र डाड के साथ देखकर अंतिम रूप दिया जाएगा। विधायक श्री काश्यप ने निगम अधिकारीयों से शहर विकास के विभिन्न आयामो पर चर्चा करते हुए रोजगार मूलक कार्यो को बढ़ावा देने विशेषकर स्ट्रीट वेंडरों के बैठने के स्थान, झुग्गी मुक्त रतलाम के तहत प्रधानमंत्री आवास, पार्किंग स्थल, सड़क निर्माण, अवैध कालोनियों, स्वच्छ रतलाम और यातायात सुधार सहित अन्य कई विषयो पर सुझाव दिए। इस दौरान एसडीएम अभिषेक गेहलोत, निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया,सहायक आयुक्त विकास सोलंकी, सिटी इंजीनियर एस सी व्यास , जीके जायसवाल, सहायक यंत्री एसपी आचार्य, श्याम सोनी, कपिल मारोठिया, मनीष तिवारी एवं विकास मरकाम आदि मौजूद थे।



# विधायक काश्यप से शहर विकास के रोडमेप पर चर्चा

रतलाम। नगर निगम द्वारा मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के सामने प्रस्तुत होने वाले शहर विकास के रोडमेप पर शहर विधायक चेतन्य काश्यप से चर्चा की गई। निगम अधिकारीयों ने अपने प्रेजेंटेशन की तैयारी दिखाई । विधायक श्री काश्यप ने विकास के कई बिन्दुओ पर महत्वपूर्ण सुझाव दिए, निगम के प्रेजेंटेशन को बाद में कलेक्टर एवं प्रशासक गोपालचंद्र डाड के साथ देखकर अंतिम रूप दिया जाएगा।

विधायक श्री काश्यप ने निगम अधिकारीयों से शहर विकास के विभिन्न आयामो पर चर्चा करते हुए रोजगार मूलक कार्यो को बढ़ावा देने विशेषकर स्ट्रीट वेंडरों के बैठने के स्थान, झुग्गी मुक्त रतलाम के तहत प्रधानमंत्री आवास, पार्किंग स्थल, सड़क निर्माण, अवैध कालोनियों, स्वच्छ रतलाम और यातायात सुधार सहित अन्य कई विषयो पर सुझाव दिए। इस दौरान एसडीएम अभिषेक गेहलोत, निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया,सहायक आयुक्त विकास सोलंकी, सिटी इंजीनियर एस सी व्यास , जीके जायसवाल, सहायक यंत्री एसपी आचार्य, श्याम सोनी, कपिल मारोठिया, मनीष तिवारी एवं विकास मरकाम आदि मौजूद थे।

स्वदेश ज्योति 11-2021

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार दै. अवन्तिका –पृष्ठ 8.....दिनांक 11-1.......2021

# स्वच्छता से भी स्वाभिमान जागृत होता है–निगम आयुक्त

दैनिक अवन्तिका ▸▸ रतलाम

11-1-2021



विकास का संकल्प लेकर आगे बढ़ने और देश में नंबर एक कहलाने की ईच्छा रखने वाले समाज में हर व्यक्ति का स्वाभिमानी होना आवश्यक होता है। व्यक्ति-व्यक्ति के मन में अपने शहर के प्रति जब अभिमान जगता है, तो हर व्यक्ति स्वाभिमानी होता है। और हर व्यक्ति के शहर के विकास के लिए स्वच्छता आवश्यक है, तो स्वच्छता से भी स्वाभिमान जागृत होता है।

स्वच्छ तन, स्वच्छ मन और स्वच्छ बुद्धि होने पर ही व्यक्ति अपने घर और परिवेश की स्वच्छता पर ध्यान देता है और ऐसा तभी करता है, जब उसका स्वाभिमान जगता है। इस दृष्टि से दोनों अंतर संबंधित हैं। दोनों एक-दूसरे के पूरक हैं। सहचर हैं। स्वाभिमानी मनुष्य बहुत ही सहजता से साफ-सफाई करता और करवाता है। स्वच्छता उसके जीवन का ध्येय हो जाती है। ऐसे वातावरण में स्वाभिमान का भाव भी जगता है।

स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान-2021 के अंतर्गत निगमायुक्त सोमनाथ झारिया द्वारा लगातार शहर के सभी क्षेत्रों को स्वच्छ और सुंदर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। इस दौरान नगर निगम द्वारा स्वच्छता अभियान के तहत शहर में विशेष साफ-सफाई अभियान बड़े पैमाने पर चलाया जा रहा है। इसके साथ-साथ ही कचरा मुक्त स्थानों पर आकर्षक रांगोली और दीपदान के माध्यम से सफाई मित्र समूह के माध्यम से लोगों को जागरुक किया जा रहा है।

रतलाम शहर के सैकड़ों स्थानों पर खुले में कचरा डालने वालों को रोकने के लिए नगर निगम की ओर से अनोखा प्रयोग किया और सैकड़ों स्थान कचरा मुक्त हुए और इन पर रांगोली के माध्यम से स्वच्छता का संदेश दिया जा रहा है। इसके साथ ही उन सार्वजनिक स्थानों, बागीचों, खेल मैदानों आदि स्थानों पर भी स्वच्छता का संदेश दिया जाकर स्वच्छता की दौड़ में रतलाम को नम्बर-1 बनाने का आव्हान लोगों से किया जा रहा है। नगर निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देश व स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह ने शहरवासियों से अपील की है कि वे अपने कूड़ा केवल डोर टू डोर कूड़ा ढोने वाले वाहनों में ही डाले।

खुले में कचरा डालने वालों पर नगर निगम द्वारा जुर्माने की कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। नगर निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार अब शहर के सार्वजनिक स्थलों पर लोगों से शहर को साफ और सुंदर बनाए रखने की अपील की जा रही है। इस दौरान 9 जनवरी शनिवार को सफाई मित्र समूह की टीम ने आधा दर्जन स्थानों पर स्थित कचरा मुक्त स्थानों के साथ ही सार्वजनिक स्थलों पर पर रांगोली बना कर इन क्षेत्रों के रहवासियों को स्वच्छता की शपथ दिला कर दीप दान किया गया है।

इस दौरान कोविड-19 महामारी के बढ़ते प्रकोप के देखते हुए लोगों से आव्हान किया गया कि जब तक कोरोना का कारगर उपचार उपलब्ध नहीं हो पाता है, ऐसे में हमें मास्क का उपयोग, दो गज की दूरी और हाथों को सैनेटाईज कर अपने जीवन को बचाना चाहिए।

## निगम ने अलाव जलाए

रतलाम। सर्द रातों में नागरिकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग द्वारा बाल चिकित्सालय, जिला चिकित्सालय, रैन बसेरा सिविक सेन्टर, पांजरा पोल, महू रोड बस स्टैण्ड, रेलवे स्टेशन, कालिका माता, नगर निगम फायर ब्रिगेड सहित नगर के विभिन्न सार्वजनिक स्थल एवं चौराहों पर गत रात्रि अलावा जलाये गये।

# मौसम फिर सामान्य होने से राहत

### एक नजर तापमान की चाल पर

| तारीख | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| 10 जनवरी | 23.6 | 15.0 |
| 09 जनवरी | 23.2 | 15.2 |
| 08 जनवरी | 28.6 | 14.6 |
| 07 जनवरी | 24.0 | 14.2 |
| 06 जनवरी | 27.2 | 13.2 |
| 05 जनवरी | 27.0 | 13.5 |
| 04 जनवरी | 26.2 | 13.4 |
| 03 जनवरी | 28.6 | 14.0 |
| 02 जनवरी | 27.6 | 13.6 |
| 01 जनवरी | 26.2 | 8.2 |



रतलाम में सर्दी से बचाव के लिए अलाव तापते हुए युवा। • नईदुनिया


रतलाम। मावठे की बारिश के बाद सर्द हुए मौसम ने फिर करवट बदल ली। रविवार को दिनभर मौसम सामान्य रहा। सुबह देर तक कोहरा छाया रहा। इससे वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा। कोहरे के चलते सड़कों पर वाहनों की आवाजाही थमी रही।

जिले में शुक्रवार और शनिवार को मावठे की बारिश से मौसम सर्द हो गया था, लेकिन रविवार को फिर से मौसम में बदलाव आ गया। सर्दी का असर कम पड़ने से आमजन के राहत महसूस की। अधिकतम तापमान 23.6 व न्यूनतम 15.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। शनिवार के मुकाबले अधिकतम तापमान में 0.4 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान में 0.2 डिग्री सेल्सियस का उछाल आया।

सुबह की आर्द्रता 90 व शाम की 81 प्रतिशत रही, जो शनिवार को क्रमशः 90 व 82 प्रतिशत थी।

**फसलों की स्थिति ठीक :** वर्तमान में रबी फसलों की स्थिति ठीक है। कहीं-कहीं तेज हवा के कारण खेतों में खड़ी फसलों में कुछ नुकसान पहुंचा है। किसानों को मौसम अनुकूल रहने पर अच्छे उत्पादन की उम्मीद है।

## नगर के विभिन्न स्थानों पर अलाव जलाये



रतलाम। सर्द रातों में नागरिकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग द्वारा बाल चिकित्सालय, जिला चिकित्सालय, रैन बसेरा सिविक सेन्टर, पांजरा पोल, महू रोड बस स्टैण्ड, रेलवे स्टेशन, कालिका माता, नगर निगम फायर ब्रिगेड सहित नगर के विभिन्न सार्वजनिक स्थल एवं चौराहों पर गत रात्रि अलावा जलाये गये।

11-1-2021

# आम सहभागिता से पूरा होगा स्वच्छता का सपना

## स्वच्छता सर्वेक्षण-2021 के लिए नागरिकों को कर रहे जागरूक



रोटरी गार्डन में शपथ दिलाते हुए स्वच्छता अभियान समिति अध्यक्ष अनोखीलाल कटारिया। • नईदुनिया 11-1-2021

रतलाम। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने एक बार कहा था स्वच्छता आजादी से महत्वपूर्ण है। इस बात से स्वच्छता के महत्व को समझा जा सकता है।

स्वच्छता का स्वास्थ्य से घनिष्ठ संबंध है। आरोग्य को नष्ट करने के जितने भी कारण हैं, उनमें गंदगी प्रमुख है। बीमारियां गंदगी में ही पलती हैं। व्यक्तिगत स्वच्छता से 80 फीसदी बीमारियों को दूर किया जा सकता है। रविवार को शहर के रोटरी गार्डन में स्वच्छता सर्वेक्षण 2021 के तहत स्वच्छता अभियान समिति अध्यक्ष अनोखीलाल कटारिया ने गणमान्य नागरिकों को स्वच्छता का संकल्प दिलाया।